दिन– शुक्रवार दिनांक– 27 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचना देश के लिए गौरवपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि।

02. विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग का नौ सदस्यीय दल आज मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के साथ बैठक करेगा।

03. शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शिक्षकों को स्वयं एच्छिक ट्रांसफर करने की सुविधा दी। दस जुलाई से शुरू होगी प्रक्रिया।

04. और, प्रदेश में वृद्धा पेंशन योजना से नये लाभार्थियों को जोड़ने के लिए जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा।

---

भारत ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में अंतरिक्ष यान ड्रैगन की सफल डॉकिंग को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सियम– फोर मिशन में अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। एक रिर्पोर्ट––

––रिपोर्ट–––

---

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत और विश्व बंधु भारत की भावना दर्शाता है।

–––बाइट–––

पहली मर्तबा ऐसा हो रहा है कि कोई भारतीय मूल का अंतरिक्ष यात्री इंटनेशनल स्पेस–स्टेशन पर गया है तो भारत के लिए गर्व की बात तो है ही और साथ–ही साथ मुझे लगता है कि अवसर का आभार प्रकट करने का देश के राजनीतिक नेतृत्व का प्रधानमंत्री मोदी जी का भी जिस प्रकार का एक अनुकूलता कामकाज के वातावरण में आई, उसके कारण ये संभव हो पाया।

---

विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए बिहार दौरे पर आया निर्वाचन आयोग का नौ सदस्यीय दल आज मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। यह दल राज्य के तीन दिन के दौरे पर बुधवार को पटना पहुंचा था। कल, निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के साथ बैठक में मतदाता सूचियों का निरीक्षण किया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने इस सिलसिले में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक भी की थी।

---

निर्वाचन आयोग ने आवश्यक शर्तें पूरी नहीं करने पर तीन सौ पैंतालीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्ष दो हजार उन्नीस से लोकसभा, विधानसभा और केन्द्र शासित प्रदेश के चुनाव या उप–चुनाव नहीं लड़ने वाले दलों को सूची से हटाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। इन दलों के कार्यालय भी भौतिक रूप से कहीं अवस्थित नहीं हैं।

---

राज्य निर्वाचन आयोग ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में तीन नगर निकायों के उपचुनाव को स्थगित कर दिया है। इनमें गया जिले का खिजरसराय नगर पंचायत और नगर परिषद बोधगया के उपमुख्य पार्षद तथा सीवान जिले के मैरवां नगर पंचायत के मुख्य पार्षद का चुनाव शामिल है। आयोग के सचिव मुकेश सिन्हा ने बताया कि संबंधित जिलाधिकारियों को इसकी सूचना दी जा चुकी है। गौरतलब है कि तीनों नगर निकायों में कल मतदान होना था।

---

पटना में एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास और मेहरावां ग्राम पंचायत के मुखिया प्रत्याशी जयप्रकाश पासवान को बरी कर दिया है। न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में यह फैसला सुनाया। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष दो हजार इक्कीस का है, जिसमें पुलिस ने वर्ष दो हजार बाईस में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

---

प्रदेश के शिक्षक स्वयं अपना एच्छिक ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षक ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर श्रेणी और विषय के आधार पर एक दूसरे के स्कूल में ट्रांसफर ले सकेंगे। शिक्षक दस के समूह में भी ट्रांसफर कर सकते हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया है। यह प्रक्रिया दस से इक्कीस जुलाई तक चलेगी। आवेदन का सत्यापन होने के तीन दिन बाद ट्रांसफर के आदेश जारी होंगे और सात दिन के भीतर शिक्षकों को योगदान देना होगा।

---

प्रदेश में वृद्धा पेंशन योजना से नये बुजुर्गों को जोड़ने के लिए जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने बताया कि वर्ष दो हजार बाईस में लाभार्थियों का प्रमाणीकरण हुआ था। उसके बाद कई लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है। सचिव ने बताया कि जीवन प्रमाणीकरण होने से सही लाभार्थी की पहचान होने के साथ ही नये लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा सकेगा।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर से भागलपुर तक गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि इसके बाद राज्य में विकास की गति और तेज होगी।

———बाइट———

---

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मानूसनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, गया और औरंगाबाद जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, बक्सर, पटना, रोहतास और कटिहार समेत प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, उत्तर–मध्य और उत्तरी–पूर्वी भागों में भी वज्रपात और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस क्रमिक बढ़ोतरी की संभावना है। इसके बाद तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान है।

---

केंद्र सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान–आई.बी.पी.एस. की परीक्षाओं में उम्मीदवारों के अधिप्रमाणन के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग अधिकृत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आई.बी.पी.एस. परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान उम्मीदवारों के पहचान की पुष्टि के लिए स्वैच्छिक रूप से आधार प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से परीक्षा के दौरान अनुचित गतिविधियों पर रोक लगेगी। यह अधिसूचना भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से परामर्श के बाद इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुमोदन से जारी की गयी।

---

प्रदेश में श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। मेले के लिए मुजफ्फरपुर के आरडीएस कॉलेज में टेंट सिटी बनाई जाएगी। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने मेले की तैयारियों की समीक्षा के बाद बताया कि इस टेंट सिटी में एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी। सचिव ने बताया कि इस दौरान पहलेजा घाट से बाबा गरीबनाथ तक श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

इधर, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्रावणी मेले के दौरान पटना से आसनसोल के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह मेला स्पेशल ट्रेन ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी।

---

किशनगंज पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स, एसटीएफ ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में एक महिला समेत दो तस्करों को एक किलोग्राम हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि जब्त हेरोइन का बाजार मूल्य एक करोड़ रुपए बताया जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ की खेप मध्य प्रदेश के रतलाम से मणिपुर ले जाई जा रही थी। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। इधर, पश्चिम चंपारण जिले में वीरगंज पुलिस ने एक तस्कर को तीन सौ उन्नीस किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर को नेपाली नम्बर के ट्रक के साथ पकड़ा गया है।

---

और, अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार......

मधुबनी व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने स्कैनिंग सह डिजिटलाइजेशन केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र के माध्यम से अब लंबित अभिलेखों का डिजिटलकरण किया जाएगा। गौरतलब है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत मधुबनी समेत प्रदेश के छह जिलों–पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया व्यवहार न्यायालय में अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।

---

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने चालीस लीटर विदेशी शराब और नकली सामान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारत के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – शुभांशु आईएसएस पहुंचे, बोले– यह भारत की यात्रा।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है –शुभांशु बोले – तिरंगा लेकर आया हूँ, अगले चौदह दिन रोमांचक होंगे।

प्रभात खबर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखता है – पर्व पर बिहार से जुड़े अंतरराज्यीय रूटों पर दो सौ निन्यानवे एसी–नॉन एसी बसे चलेंगी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – भारत ने चीन जाकर चीन–पाक गठजोड़ बेनकाब किया... साझा बयान रूकवाया।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – हीमोफीलिया ए के इलाज में एमिसिजुमैब की कम डोज भी कारगर।

आज अखबार लिखता है – विमान दुर्घटना की जांच में मिली बड़ी सफलता। ब्लैक बॉक्स की मेमोरी हुई एक्सेस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचना देश के लिए गौरवपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि।

02. विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग का नौ सदस्यीय दल आज मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के साथ बैठक करेगा।

03. शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शिक्षकों को स्वयं एच्छिक ट्रांसफर करने की सुविधा दी। दस जुलाई से शुरू होगी प्रक्रिया।

04. और, प्रदेश में वृद्धा पेंशन योजना से नये लाभार्थियों को जोड़ने के लिए जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।